


स्टुअर्ट ब्राड ने कमाल का रिकार्ड

एशेज 2021–22 के पांचवें टेस्ट मैच की दूसरी पारी में डेविड वार्नर को आउट करते हुए स्टुअर्ट ब्राड ने कमाल का रिकार्ड अपने नाम दर्ज कर लिया। अब वो इंग्लैंड की तरफ से एशेज में आस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में पहले स्थान पर आ गए हैं। उनसे पहले इस मामले में टाप पर इंग्लैंड के पूर्व आलराउंडर इयान बाथम थे। बाथम ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ एशेज में अपने क्रिकेट करियर के दौरान कुल 128 विकेट लिए थे, लेकिन अब 129 विकेट के साथ ब्राड ने उन्हें पीछे छोड़ दिया।

## स्टुअर्ट ब्राड ने इयान बाथम को पीछे छोड़ा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्राड एशेज में आस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले इंग्लिश गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने एशेज टेस्ट सीरीज 2021–22 के पांचवें टेस्ट मैच की दूसरी पारी में जैसे ही ओपनर बल्लेबाज डेविड वार्नर को आउट किया वैसे ही यह उपलब्धि अपने नाम पर दर्ज कर ली। ब्राड ने डेविड वार्नर को बिना खाता खोले ही ओली पोप के हाथों कैच आउट करवा दिया। ब्राड ने डेविड वार्नर को टेस्ट क्रिकेट में अब तक सबसे ज्यादा बार यानी 14 बार आउट किया है। एशेज में इंग्लैंड की तरफ से आस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर 123 विकेट के साथ बाब विलिस मौजूद हैं। वहीं जेम्स एंडरसन इस मामले में 112 विकेट के साथ फिलहाल चौथे नंबर पर हैं। पांचवें नंबर पर विल्फ्रेड रोड्स 109 विकेट के साथ मौजूद हैं।

# कोहली के फैसला के बाद साबित हो गया कि वो तीसरा टेस्ट मैच नहीं जीतेंगे

**क्रिकेट**

## किस रणनीतिक कमी की वजह से कामयाब नहीं हो पाई टीम इंडिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। तीसरे टेस्ट मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को जीत के लिए 212 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन जब चौथे दिन टीम इंडिया मैदान पर उतरी तब उसे जीत के लिए 8 विकेट गिराने थे जबकि मेजबान टीम को 111 रन बनाने थे। भारतीय कप्तान कोहली ने जसप्रीत बुमराह और मो. शमी को नई गेंद सौंपी, लेकिन वो जल्दी विकेट निकालने में कामयाब नहीं हो पाए। कीगन पीटरसन साउथ अफ्रीका के लिए बड़े विनर के तौर पर उभरे और 111 गेंदों पर 82 रन बनाते हुए अपनी टीम को जीत की राह पर ला दिया। इस मैच में चौथे दिन भारत को सिर्फ एक सफलता मिली और 7 विकेट से उसे हार मिली।



अब मैच के चौथे दिन भारतीय टीम कप्तान कोहली की किस रणनीतिक कमी की वजह से विकेट हासिल करने में कामयाब नहीं हो पाई इसके बारे में सुनील गावस्कर ने बताया। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा कि ये मेरे लिए रहस्य था कि लंच के बाद शार्दुल ठाकुर और बुमराह ने गेंदबाजी क्यों नहीं की। ये ऐसा फैसला था जिसके बाद साबित हो गया था विराट कोहली तीसरा टेस्ट मैच नहीं जीतने जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि आर अश्विन की गेंदबाजी के वक्त फील्ड प्लेसमेंट भी सही नहीं था और इसकी वजह से बल्लेबाज आसानी से सिंगल ले रहे थे। पांच फील्डर डीप में थे। सुनील गावस्कर के पास साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजी की तारीफ करने के अलावा और कुछ था ही नहीं जिन्होंने अविश्वसनीय रूप से शक्तिशाली भारतीय आक्रमण के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की।

भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह, शमी, शार्दुल और उमेश ने लगातार बल्लेबाजों से सवाल पूछे, लेकिन प्रोटियाज बल्लेबाजों ने डिलीवरी को उसकी योग्यता के आधार पर खेला और धीरे–धीरे लक्ष्य तक पहुंच गए। गावस्कर ने कहा कि जोहानसबर्ग की भी पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी नहीं थी, लेकिन साउथ अफ्रीकी बल्लेबाजों ने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे उनके चरित्र का पता चलता है।

# ओली पोप के सुपरमैन फील्डिंग से फिर शून्य पर आउट डेविड वॉर्नर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

होबार्ट। डेविड वॉर्नर ने एशेज सीरीज–2022 की जबर्दस्त अंदाज में की थी। एक के बाद एक शानदार पारी निकल रही थी, लेकिन होबार्ट में जारी आखिरी टेस्ट के दौरान कुछ ऐसा हुआ, जिसकी वजह से उनके नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वह पहली पारी में शून्य पर आउट हुए थे और अब दूसरी पारी में भी बिना खाता खोले आउट हुए। वह एशेज सीरीज के दो मैचों की दोनों पारियों में शून्य पार आउट होने वाले पहले ओपनर बने।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच जारी 5वें टेस्ट की दूसरी पारी में डेविड वॉर्नर को पहले ही ओवर की तीसरी गेंद पर स्टुअर्ट ब्रॉड



ने उन्हें चलता कर दिया। वॉर्नर का शॉट बैकवर्ड पॉइंट की ओर से हवा में तेजी से निकल रहा कि तभी ओली पोप सुपरमैन की तरह हवा में डाइव लगाते हुए अचानक से आते हैं और कैच लपक लेते हैं। यह 14वां मौका था जब ब्रॉड ने उन्हें आउट किया।

**2019 में भी हुए थे दोनों पारियों पर शून्य पर आउट:** डेविड वॉर्नर इसी मैदान पर 2019 में खेले गए टेस्ट में भी दोनों पारियों में खाता नहीं खोल सके थे। अब एक बार फिर वह खाता खोलने से पहले पवेलियन लौट पड़े। रोचक बात यह है कि ब्रॉड और वॉर्नर के बीच इस बार जंग का अंत भी ब्रॉड ने किया। कुल 14वीं बार उन्हें आउट किया।


इससे पहले पैट कमिंस और मिशेल स्टार्क की धारदार गेंदबाज के सामने इंग्लैंड की टीम पहली पारी में 188 रन पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 303 रन बनाए थे। इस तरह मेजबान टीम को 115 रन की बढ़त हासिल हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से कमिंस ने सबसे अधिक 4 जबकि स्टार्क ने 3 विकेट लिए।

## बल्लेबाज का फिसला पैर...औंधे मुंह गिरकर गंवाया विकेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने पिछले कुछ समय से अपनी शानदार बल्लेबाजी से सबको आकर्षित किया है। इस समय ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें एशेज सीरीज के तहत 5वां टेस्ट मैच होबार्ट में खेल रही हैं। यह टेस्ट पिंक बॉल से खेली जा रही है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 303 रन बनाए। लाबुशेन 44 रन बनाकर आउट हुए। पहले दिन लंच से ठीक पहले लाबुशेन अजीबों गरीब तरीके से आउट हुए। इंग्लैंड ने एक समय ऑस्ट्रेलिया के 3 विकेट 12 रन पर झटक लिए थे। इसके बाद लाबुशेन ने ट्रेविस हेड के साथ साझेदारी कर टीम को मुश्किल से उबारा। पेसर स्टुअर्ट ब्रॉड ऑस्ट्रेलियाई पारी का 23वां ओवर लेकर आए। ब्रॉड की पहली ही गेंद पर लाबुशेन शॉट खेलना चाहते थे लेकिन वह ज्यादा ही ऑफ स्टंप की ओर बढ़ गए जिससे उनका पैर फिस गया और वे गेंद सीधे गिल्लियों में समा गई। लाबुशेन ने गेंद को पीछे की तरफ खेलने की कोशिश की लेकिन वह कुछ भी समझ नहीं पाए।

## न्यूज डायरी



### साउथ अफ्रीका में टीम इंडिया के गब्बर ने शुरू की वनडे की तैयारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें अब 3 मैचों की वनडे सीरीज में आमने–सामने होंगी। वनडे सीरीज के लिए अनुभवी शिखर धवन, भुवनेश्वर कुमार और सूर्यकुमार यादव सहित कुल 8 खिलाड़ियों ने दक्षिण अफ्रीका पहुंचकर ट्रेनिंग भी शुरू कर दिया है। इन खिलाड़ियों का केपटाउन में 3 दिन का अनिवार्य क्वारंटीन शुक्रवार सुबह खत्म हो गया। उस समय जहां टीम इंडिया टेस्ट सीरीज के निर्णायक मैच के चौथे दिन जहां साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेल रही थी वहीं दूसरी ओर न्यूलैंड्स में धवन, भुवी, सूर्यकुमार, रुतुराज, ईशान, प्रसिद्ध, वेंकटेश अय्यर और युजवेंद्र चहल नेट्स पर पसीना बहा रहे थे। धवन ने अपने सोशल मीडिया के ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर प्रैक्टिस के बाद की एक तस्वीर शेयर की है जिसमें सभी आठों खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। धवन का नेट्स में बैटिंग करते एक वीडियो भी वायरल हो रहा है।

### डीआरएस विवाद से प्रोटियाज टीम को कैसे हुआ फायदा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान डीन एल्गर का कहना है कि डीआरएस विवाद से उन्हें भारत के खिलाफ निर्णायक तीसरे टेस्ट में लक्ष्य तक पहुंचने का समय मिल गया क्योंकि कोहली एंड कंपनी का ध्यान भटक गया था। एल्गर को एलबीडब्ल्यू आउट देने का फैसला तीसरे अंपायर ने बदल दिया क्योंकि हॉकआई तकनीक में गेंद को स्टम्प के ऊपर से जाते हुए दिखाया गया। इससे भारतीय खेमा नाराज हो गया और कप्तान कोहली, उपकप्तान केएल राहुल तथा सीनियर ऑफ स्पिनर आर अश्विन ने दक्षिण अफ्रीकी प्रसारक सुपर स्पोर्ट्स को स्टम्प माइक पर तंज कसे। जीत के लिए 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने उस समय एक विकेट पर 60 रन बनाए थे। भारतीय टीम डीआरएस विवाद में उलझ गई और मेजबान ने अगले आठ ओवर में 40 रन बना डाले। एल्गर ने कहा, इससे हमें समय मिल गया और हमने तेजी से रन बनाए। इससे लक्ष्य तक पहुंचने में मदद मिली। इससे हमें फायदा हुआ।

### साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज के कायल हुए रवि शास्त्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज कीगन पीटरसन की जमकर तारीफ की है। शास्त्री का कहना है कि यह बल्लेबाज उन्हें दिग्गज गुंडप्प विश्वनाथ की याद दिलाता है। 28 वर्षीय पीटरसन ने भारत के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी की। इस बल्लेबाज ने वर्ल्ड की बेहतरीन पेस अटैक के सामने गजब का धैर्य दिखाया। पीटरसन ने 3 मैचों की टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। भारत के खिलाफ तीन टेस्ट मैच में 46 की औसत से पीटरसन ने कुल 276 रन बनाए। इस दौरान पीटरसन के बल्ले से 3 अर्द्धशतक निकले। पीटरसन का इस सीरीज में 82 रन सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। उन्होंने 67, 72 और 82 रन की पारी खेली। जिस पिच पर भारतीय बल्लेबाज संघर्ष कर रहे थे उसी पर पीटरसन ने जमकर रन बटोरे। साउथ अफ्रीका ने केपटाउन टेस्ट में भारत को 7 विकेट से हराकर सीरीज 2–1 से अपने नाम कर ली।

### दूसरी बार हिरासत में लिए गए जोकोविच, रविवार को होगी मामले की सुनवाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण वीजा दूसरी बार रद्द होने के बाद दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच फिर आव्रजन हिरासत में हैं। वीजा रद्द होने के खिलाफ उनकी अपील पर सुनवाई अब उच्च न्यायालय में होगी। फेडरल कोर्ट में मामले की सुनवाई रविवार को होगी जबकि सोमवार से साल का पहला ग्रैंडस्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन शुरू हो रहा है। पुलिस ने उस इमारत के पीछे की लेन बंद कर दी है जहां जोकोविच के वकील ठहरे हैं। शनिवार को दोपहर के समय दो वाहन वहां से बाहर निकले।